तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 11 सितंबर 2024

12 किसानों ने घेरा नगर पंचायत, लिखित आश्वासन के बाद हटे




10 नए बजट को लेकर विभागों में तैयारी, नवंबर तक...






REGISTRATION OPEN
PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA
NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM
SHRI RAWATPURA SARKAR GROUP OF INSTITUTIONS
7222910430/41

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-11/09/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

## बारिश का कहर : केवल 24 घंटे में हुई 139 मिमी बारिश, नदी-नालों व जलाशयों का जलस्तर बढ़ा

# दो दिन की झमाझम बारिश से अस्त-व्यस्त हुआ जनजीवन, तीन मकान ढह गए, दो गायों की मौत







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बीते दो दिनों से जिले में रुक-रुककर झमाझम बारिश हो रही है। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक जिले में सोमवार को सुबह से लेकर मंगलवार सुबह तक 24 घंटे के भीतर औसतन 139 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले में कितनी भारी बारिश हुई है। वहीं, बारिश के कारण आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कुछ हफ्तों से जहां नदी, नाले और जलाशयों का जल स्तर गिर रहा था, वह दो दिनों की अच्छी बारिश से फिर से बढ़ने लगा है। कैचमेंट एरिया में भारी बारिश से तांदुला जलाशय का जल स्तर भी बढ़ा है। बारिश की वजह से जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण इलाकों तक छोटी बड़ी घटनाएं सामने आई है। भारी बारिश के चलते जिला मुख्यालय में दो अलग अलग कच्चा मकान गिरने से मकान मालिकों को आर्थिक नुकसान पहुंचा है।



### चिरईगोड़ी में मकान ढहने से दो गाय की मौत

सोमवार की देर रात ग्राम चिरईगोड़ी में एक किसान रामचंद साहू का मकान ढहने से दो गायों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामचंद साहू के कच्चे मकान में बारिश का पानी पड़ने की वजह से काफी नमी आ गई, वहीं नमी अधिक होने से दीवार में दरार पड़ने के बाद दीवार भरभराकर गिर गई। इस घटना में दो गायों की दीवार में दबने से मौत हो गई, वहीं एक बछड़ा जो घर से अलग बंधा था, उसकी जान बच गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने मलबा को साफ किया।

### रेलवे कॉलोनी में भरा पानी रात भर जगते रहे लोग

शहर के रेलवे कॉलोनी में बारिश का पानी घुस गया। दरअसल रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य जारी है, ऐसे में जगह-जगह गड्ढे होने व कई जगहों पर रेत, गिट्टी सहित अन्य मटेरियल रखे होने के कारण बारिश का पानी जाम होकर सीधे रेलवे में पदस्थ कर्मचारियों के घरों तक पहुंच गया। कॉलोनी में रहने वाले लोग घर में भरे बारिश के पानी को रात भर बाहर निकालने में जुटे रहे।

### शहर में दो मकान ढह गए बाल-बाल बचे लोग

शहर के अमामपारा वार्ड क्रमांक 13 में राजेश सोनी और सेवा राम सोनी के कच्चे मकान भरभरा कर गिर गए। इसकी मुख्य वजह दो दिनों से हो रही बारिश की वजह से मकान में काफी नमी आ गई थी। घटना सोमवार की रात करीब 9 बजे की है, जब सोनी परिवार घर में खाना खाकर सोने की तैयारी कर रहा था, ठीक उसी समय मकान का कुछ हिस्सा गिर गया। गनीमत रही कि घर मे रहने वाले लोग उस जगह पर नहीं थे वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

## खरखरा नदी उफान पर, ग्राम लमती व तुऐगोंदी बाढ़ से घिरे



**डौण्डीलोहारा।** ब्लॉक के थाना मंगचुवा अन्तर्गत वनांचल ग्राम लमती में बाढ़ के कारण आवागमन प्रभावित हो गया है। रविवार रात से हो रही तेज बारिश के कारण लमती की खरखरा नदी में उफान आ गया है। इससे गांव के लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। लमती व तुऐगोन्दी के बच्चे बाहर भंवरमरा, डौण्डी लोहारा में पढ़ने के लिए जाते हैं। वे नदी में बहुत अधिक बाढ़ के कारण स्कूल कॉलेज नहीं जा पा रहे हैं। गांव की कुछ माताएं व बहनें तीजा आई व गई हैं, जो नदी में काफी बाढ़ होने के कारण वापस जाने को मजबूर हैं। आगे बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है। बाढ़ को देखते हुए मंगचुवा थाना क्षेत्र के पुलिसकर्मियों द्वारा बाढ़ वाले रास्ते पर लकड़ी डाल दी गई है। इससे कोई इस पार से उस पार बाढ़ को पार करने की मुसीबत मोल न लें, और लोगों को आगाह किया गया है, कि किसी को नाला पार न करने दिया जाए, ताकि किसी प्रकार से जान-माल का नुकसान न हो।

## अर्जुन्दा-सोमनी मार्ग पर ग्राम झोला पुल से आवागमन बंद





**अंडा।** मोंगरा बैराज से शिवनाथ नदी में 70 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इसके कारण शिवनाथ व खरखरा नदी के आस पास के गांव तिरगा, झोला, भोथली, रूदा, खांडा, चंगोरी सहित अन्य गांवों में अंडा पुलिस ने अलर्ट जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही इस क्षेत्र की सतत निगरानी की जा रही है। ग्राम तिरगा निवासी घसिया राम देशमुख क्षेत्र ने बताया कि अधिक बाढ़ के कारण नदी के निकट के घरों में पानी घुस जाता है। इससे सुरक्षा के लिए प्रशासन से ग्रामीणों की सुरक्षा की मांग की जा रही है। ग्राम झोला (तिरगा) के नदी में पानी ज्यादा होने से अर्जुन्दा से सोमनी मार्ग पर ग्राम झोला पुल से आवागमन बंद कर दिया गया है। पुल पर पानी होने के कारण इस मार्ग से आवागमन करने वालों को जल्द से जल्द थनौद या भर्रेगांव मार्ग का उपयोग करने को कहा गया है।

## मुख्यालय से दर्रा, खर्रा, अकलवारा खुदनी व खोरदो का सड़क संपर्क टूटा





**गुरूर।** क्षेत्र में हुई बारिश से ब्लॉक मुख्यालय से ग्राम दर्रा, खर्रा, अकलवारा, खुंदनी, खोरदो से संपर्क टूट गया। जिससे कि लोगों को डर के मध्य रहकर पूरा दिन गुजारना पड़ा, क्योंकि नाला में लगभग 5 से 7 फीट के ऊपर पानी बह रहा था, और दिन में भी रुक रुक कर पानी गिर रहा था। गनीमत रही कि 10 बजे के बाद बारिश रुक गई। स्कूली बच्चों को पानी भरे मार्ग से होकर स्कूल जाना पड़ा। ग्राम दर्रा में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल है, किंतु गांव के कई बच्चे स्कूल नहीं जा पाए, क्योंकि हाई स्कूल नाला पार करके जाना पड़ता है। वहीं ग्राम के स्कूल जाने के लिए भी बच्चों को पानी भरे मार्ग से होकर जाना पड़ा।

### नया पुल बनाने की मांग

उल्लेखनीय है कि ग्राम दर्रा पर पुल का निर्माण नहीं होने से एक बार भी मार्ग बाधित हो गया। पानी 6 फीट से ऊपर बह रहा था। बार-बार बारिश से मार्ग बाधित होने से ग्रामीणों में लगातार आक्रोश देखने को मिल रहा है। जहां ग्रामीणों को बाढ़ के चलते परेशानी उठानी पड़ती है। दर्रा के ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से शासन प्रशासन से नये पुल के निर्माण की मांग की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि अचानक किसी की स्वास्थ खराब हो जाए तो स्वास्थ्य केंद्र भी नहीं ले जा सकते क्योंकि ग्राम दर्रा दोनों ही ओर से बाढ़ से घिरा हुआ है, एक तो जहां फागुन्दाह से होते हुए पुरुर धमतरी जाया जा सकता है किंतु फागुनदाह से पहले ही नाला में बाढ़ आने से आगे नहीं जा सकत, तो वही खर्रा में बाढ़ के पानी के चलते आगे नहीं जा सकते, जहां हम ग्रामीणों को पूरा दिन घर में ही व्यतीत करना पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### हिन्दी दिवस पर साहित्य संगोष्ठी 14 को

**बालोद।** नावल टीचर्स क्रिएटिव फाउंडेशन द्वारा हिन्दी दिवस के अवसर पर साहित्य संगोष्ठी समकालीन कविता आज के संदर्भ में का आयोजन 14 सितंबर को दोपहर 1 बजे निषाद भवन दल्ली राजहरा में किया जाएगा। एनटीसीएफ अध्यक्ष अरूण कुमार साहू ने बताया कि शिक्षकों की सृजनात्मक साहित्यिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस अवसर पर बालोद जिले के प्रत्येक विकास खण्ड से 2 शिक्षक साहित्यकारों का सम्मान किया जायेगा।

### ग्राम पसौद में रिकार्डिंग डांस कार्यक्रम 14 को

**लाटाबोड़।** ग्राम पसौद में बाल युवा गणेशोत्सव समिति बाजार चौक द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से छत्तीसगढ़ी भाव नृत्य रिकार्डिंग डांस का कार्यकम 14 सितम्बर संझा के चिरईया ग्राम अंगारी वालों की प्रस्तुति होगी। उक्त जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष कौशल साहू व उपाध्यक्ष जागेश्वर निषाद ने लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### ट्रिपल हत्याकांड: क्राइम रिक्रिएशन कराया गया

**भिलाई।** ट्रिपल हत्याकांड को लेकर पुलिस ने क्राइम सीन रिक्रिएशन कराया गया। रविवार को गिरफ्तार आरोपियों को उनके कबूलनामे के बाद पुलिस क्राइम सीन पर लेकर गई। आरोपियों से पूछा गया कि किस तरह से पूरी वारदात को अंजाम दिया। करीब एक घंटे तक क्राइम रिक्रिएशन के बाद सभी आरोपियों को थाने ले जाया गया। उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। इस दौरान फोरेंसिक एक्सपर्ट समेत पुलिस अफसर मौजूद थे। नंदुनी खुंदनी में हुए हत्याकांड में राजेश यादव, वासू यादव, करण यादव की मौत हुई। डीजे में डांस करने को लेकर विवाद हुआ था उसके बाद से मामला बिगड़ा गया। शनिवार की रात को दोनों पक्षों में जमकर मारपीट के बाद चाकू, लाठी से हमला कर एक परिवार के तीनों भाईयों को मौत की नींद सुलाई गई। घटना के बाद से एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने जिले में सुरक्षा को लेकर अलर्ट कर दिया है।

### सुपेला नाला में बहे युवक की मिली लाश

**भिलाई।** भारी बारिश के चलते सुपेला में सड़क किनारे बने नाले में बाइक सवार दुर्ग से रायपुर की ओर आ रहा था। सुपेला नाले में अचानक गिरने से युवक की मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक शव का शिनाख्त नहीं हो पाया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि 30-35 वर्ष के उम्र का युवक है। नाले में डूहने की खबर लगने पर पुलिस मौके पर पहुची और काफी देर तक खोजबीन किया गया। लेकिन करीब दो घंटे बाद नाले में उसकी लाश मिली है। पुलिस उसके परिजनों की तलाश में जुटी हुई है।

## कलेक्टर ने आम नागरिकों को परेशानियों से बचाने उपाय सुनिश्चित करने दिए निर्देश

# बारिश के कारण जलभराव व अन्य समस्याएं न हों : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले में लगातार हो रही बारिश के मद्देनजर जनजीवन सामान्य बनाए रखने के लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि लगातार हो रही बारिश के फलस्वरूप जल भराव एवं अन्य समस्याओं के कारण आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित किए जाएं।

श्री चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में राजस्व एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने जिले में लगातार हो रही बारिश से उत्पन्न स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में चन्द्रवाल ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से जिले के जलाशयों में जल भराव की स्थिति



के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को जलाशयों से पानी छोड़ने के पूर्व इसका समुचित प्रचार-प्रसार तथा मुनादी आदि के माध्यम से आम नागरिकों को इसकी सूचना प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान चन्द्रवाल ने त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों के आम निर्वाचन के आरक्षण के संबंध में अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों के सर्वेक्षण के कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ निर्धारित समयावधि में पूरा कराने के निर्देश दिए।

### पिछड़ा वर्ग सर्वेक्षण कार्य की प्रगति की ली जानकारी

बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने पिछड़ा वर्ग सर्वेक्षण के कार्य की प्रगति की विकासखण्डवार समीक्षा की। उन्होंने इस कार्य को समय-सीमा में पूरा करने हेतु पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि की भी ड्यूटी लगाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को प्रतिदिन इसकी समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों का सर्वेक्षण का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है इसी के आधार पर त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों के आम निर्वाचन हेतु आरक्षण का निर्धारण किया जाएगा। बैठक में चन्द्रवाल ने जिला शिक्षा अधिकारी से जिले में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली में विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में जिले के अधिक से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए किए जा रहे उपायों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में जिले के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को शामिल करने हेतु ▶▶| शेष पेज 11 पर

### राजस्व अधिकारी बनकर चौकीदार कर रहा था अवैध वसूली, निलंबित

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में चौकीदार धर्मरक्षक पाठक के खिलाफ राजस्व निरीक्षक बनकर अवैध वसूली करने का आरोप लगा है। शिकायत के आधार पर निगम आयुक्त ने मामले में प्रारंभिक जांच कराई। इसके आधार पर धर्मरक्षक को निलंबित कर दिया गया है। आरोप है कि धर्मरक्षक ने राजस्व अधिकारी बनकर निगम क्षेत्र के निर्माणाधीन मकानों पर जाकर उनके मालिक से जबरन पैसा वसूलने का काम किया। इसी मामले को लेकर स्मृति नगर निवासी सिद्धार्थ चक्रवर्ती ने रजिस्टर्ड भूखण्ड पर नियमानुसार मकान निर्माण किए जाने के बाद भी पैसों की डिमांड की जा रही थी। डिमांड धर्मरक्षक पाठक कर रहा था। वह अपने आपको राजस्व अधिकारी बता रहा था। उसने चक्रवर्ती को धमकाया भी। इसकी शिकायत हुई। 5 हजार रुपये में मामले को रफा-दफा करने अन्यथा बेदखली की कार्रवाई कर घर तोड़ने को लेकर धमकाया।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने दिए एल्यूमिनियम प्लांट हादसे की जांच के आदेश



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सरगुजा जिले ग्राम सिलसिला में संचालित एल्युमिनियम प्लांट में हुए औद्योगिक हादसे पर संवेदना प्रकट करते हुए मामले की जांच के आदेश दिए हैं। इसके परिपालन में कलेक्टर सरगुजा द्वारा जांच दल का गठन किया गया है। गौरतलब है कि सरगुजा जिले के जनपद पंचायत लुण्ड्रा के ग्राम सिलसिला में संचालित मां कुदरगढ़ी एल्युमिनियम प्लांट में 8 सितंबर की सुबह औद्योगिक हादसे में 4 लोगों की मृत्यु हुई थी। मुख्यमंत्री ने संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन को घटना की त्वरित जांच के आदेश दिए हैं। कलेक्टर सरगुजा द्वारा गठित जांच दल में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लुण्ड्रा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लुण्ड्रा, जिला श्रम पदाधिकारी अंबिकापुर, प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र अंबिकापुर और औद्योगिक एवं सुरक्षा अधिकारी अंबिकापुर को शामिल किया गया है। जांच दल के द्वारा घटना स्थल पर जाकर जांच कर प्रतिवेदन दो दिवस के भीतर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### महाराष्ट्र चुनाव, पूर्व मंत्री डहरिया बने आब्जर्वर



**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने पूर्व मंत्री शिव डहरिया को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भंडारा-गोंदिया लोकसभा क्षेत्र के ऑब्जर्वर की जिम्मेदारी सौंपी है। श्री डहरिया ने इसके लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा, मुझे ऑब्जर्वर की जिम्मेदारी दी गई है। मैं इसके लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष व हमारे नेता राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल का धन्यवाद व आभार व्यक्त करता हूं। मुझे जो दायित्व सौंपा गया है, उसे पूर्ण निष्ठा से निभाऊंगा एवं कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का प्रयास करूंगा।

### नई भर्तियों की अनुमति निरस्त अब फिर से लेनी होगी अनुमति

**रायपुर।** राज्य सरकार के वित्त विभाग ने राज्य में सरकारी नौकरियों में भर्ती के संबंध एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि पूर्व में सीधी भर्ती के रिक्त पदों को भरने के पूर्व वित्त विभाग की अनुमति प्राप्त करने के निर्देश जारी किए गए हैं, लेकिन अब राज्य शासन द्वारा विचार करने के बाद यह निर्णय लिया गया है कि जनवरी 2024 के पूर्व जिन पदों के वित्त विभाग से भर्ती की अनुमति प्राप्त की गई है, किंतु भर्ती के संबंध में विज्ञापन प्रकाशन नहीं कराया गया है, ऐसी अनुमति को निरस्त मान्य करते हुए वित्त विभाग से पुनः अनुमति प्राप्त करने के बाद ही विज्ञापन जारी किया जाए। इसी आदेश में ये भी कहा गया है रिक्त पदों की अनुमति के प्रस्ताव स्थायी वित्त निर्देश जो अप्रैल 2024 में जारी किया गया था, उसमें दिए गए प्रोफार्मा में पूर्ण जानकारी के साथ भेजा जाए। वित्त विभाग ने यह आदेश शासन के सभी विभागों, अध्यक्ष राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी संभागीय आयुक्त, सभी विभागाध्यक्षों और सभी कलेक्टरों को भेजा गया है।

### कार की ठोकर से तीन साल की मासूम की मौत

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में कार की ठोकर लगने से तीन साल की एक बच्ची की मौके पर मौत हो गई, वहीं बाइक चला रहा बच्ची का पिता घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, कार की ठोकर लगने से तीन साल की बच्ची योगिता उर्फ सोना बारले की मौत हुई है। मासूम के पिता दिनेश ने पुलिस को बताया कि 5 सितंबर को वह अपनी बेटी को बाइक पर बैठाकर सामान लेने निकला था। उमरिया के पास कार सीजी 04 एनपी 2041 के चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए बाइक को ठोकर मार दी। कार की ठोकर लगने से दिनेश की बेटी बाइक से सिर के बल गिर गई। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने योगिता को मृत घोषित कर दिया।

# नए बजट को लेकर विभागों में तैयारी, नवंबर तक दिए जाएंगे प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन नए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नए बजट को लेकर विभागों में प्रस्ताव की तैयारी शुरू हो गई है। 11 नवंबर तक वित्त विभाग को प्रस्ताव दिए जाने हैं। वित्त विभाग ने बजट तैयार करने के संबंध में कार्यक्रम जारी कर सभी विभागों से निर्धारित तिथि पर जानकारी मांगी है। कहा गया हैं कि नियत तिथि से 3 दिन पूर्व संबंधित बजट की जानकारी तथा आवयश्क प्रस्ताव विभाग को निर्धारित प्रपत्र में उपलब्ध कराएं।

वित्त विभाग ने विभागों से 11 नवंबर तक प्रस्ताव प्राप्त होने के बाद 16 से 27 दिसंबर तक सचिव स्तरीय चर्चा कर इन प्रस्तावों को अंतिम रूप देगा।

## बजट तैयार करने सभी विभागों को 11 नवंबर तक देना है प्रस्ताव

### राजस्व बढ़ाने के उपायों पर चर्चा

बताया गया है कि अक्टूबर माह में विभागाध्यक्षों के साथ विभाग की राजस्व प्राप्तियों को बढ़ाने के संबंध में चर्चा की जाएगी। प्रशासकीय विभाग के अधिकारियों जिनमें विशेष सचिव, अपर सचिव संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारियों को भी शामिल किया गया है। सभी विभागों से 8 नवंबर तक चर्चा के बाद विभागों को अपने बजट का पूरा प्रस्ताव 11 नवंबर तक वित्त विभाग के सामने प्रस्तुत करना होगा।




### प्रस्ताव आने के बाद विभागध्यक्ष स्तरीय चर्चा

वित्त विभाग के पास प्रस्ताव आने के बाद इसका परीक्षण कर विभागाध्यक्षों स्तर पर राजस्व प्राप्तियों पर अलग से चर्चा की जाएगी।अधिकारियों के सभी प्रस्तावों पर चर्चा के बाद बजट को अंतिम रूप देने से पूर्व अब तक विभागों के बकाया गारंटियों और अन्य मामलों पर चर्चा की जाएगी। सभी स्तर पर चर्चा के बाद वित्त विभाग मंत्री स्तरीय चर्चा वित्त मंत्री करेंगे, जो जनवरी के अंत तक चलेगी।

बताया गया है कि जो जानकारी मंगाई गई है, उनमें नवीन प्रस्ताव के संबंध में प्रस्ताव बनाकर दिया जाना है। वित्त विभाग ने सभी विभाग के डीडीओ को बजट एवं राजस्व प्राप्तियों के संबंध में अलग से ऑनलाइन प्रविष्टी के संबंध में लिंक प्रदाय किया गया है।

विभागों से कहा गया है कि 31 मार्च तक विभागाध्यक्ष एवं अधिनस्थ कार्यालयों के वाहनों, दूरभाष और कम्प्यूटरों की सूची स्वीकृत पदों की संरचना एवं अन्य परिसंपतियों की पूरी जानकारी ऑनलाइन और हार्ड कापी में वित्त विभाग को उपलब्ध कराई जाए। विभागों से कहा गया है कि राजस्व प्राप्तियों और वसूली के संबंध में 2025-26 के बजट प्रस्ताव 11 अक्टूबर तक दिया जाना है।

## कहा- राहुल गांधी भी अपनी पार्टी की महिलाओं को नहीं दिला पाते न्याय

# राधिका खेड़ा ने कहा- कांग्रेस घर की महिलाओं को न्याय नहीं दे सकती, कानून व्यवस्था पर सवाल उठाने का अधिकार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आई राधिका खेड़ा ने सोमवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, कांग्रेस घर की महिला को न्याय नहीं दे सकती। इनको प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाने का अधिकार नहीं है। राहुल गांधी महिलाओं के हक में आवाज उठाने से डरते हैं। वे विदेश जाकर महिलाओं के हक की बात जरूर करते हैं, लेकिन अपनी पार्टी की महिलाओं को ही न्याय नहीं दिला पाते।

एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए राधिका खेड़ा ने कहा, कांग्रेस के राष्ट्रीय मुख्यालय में महिलाओं को पीटा जाता है। मैं राहुल जी से पूछना चाहती हूं, महिलाओं के लिए बड़ी-बड़ी बातें करने से पहले वे सोचते क्यों नहीं हैं। अपनी पार्टी की महिलाओं से कहते हैं, न्याय मत मांगो, चुप रहो। कांग्रेस भवन में अपने साथ हुई अभद्रता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने मेरे साथ बदतमीजी की थी। महिलाओं से कांग्रेस कार्यालय में अभद्रता की जाती रही। उन्होंने कहा, कांग्रेस सरकार में गुंडों को बचाया जाता था।



### कांग्रेस में महिलाओं को नहीं मिलता न्याय

राधिका खेड़ा ने राजीव भवन में हुए गाली गलौज की घटना का वीडियो भी पत्रकारों को दिखाया। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय सम्मेलन में महिला नेत्री के साथ दुर्व्यवहार का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, अर्चना गौतम की आवाज को भी दबाने की कोशिश की गई। उसे भी न्याय नहीं मिला। न्याय मांगने अर्चना गौतम के कांग्रेस मुख्यालय जाने पर कांग्रेस के गुंडों द्वारा उनकी पिटाई की जाती है। राधिका खेड़ा ने अपने साथ हुई घटना का जिक्र करते हुए कहा, उन्हें कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं ने चुप रहने को कहा गया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से शिकायत करने पर उन्होंने कहा, तुम रायपुर छोड़कर चली जाओ। कांग्रेस अपना घर नहीं संभाल पा रही और प्रदेश के कानून व्यवस्था की बात कर रही। उन्होंने कहा, तत्कालीन सीएम न्याय दिलाना छोड़ कका से कंस बन गए।

### कांग्रेस शासन काल में महिलाओं के खिलाफ घटनाएं छोटी लगती थीं : रंजना

पूर्व विधायक, रंजना साहू ने कहा, कांग्रेस के शासनकाल में गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू को महिलाओं के खिलाफ हुई घटनाएं छोटी लगती थीं। अभी कांग्रेस के लोग बेवजह हल्ला मचा रहे हैं। कांग्रेस के कार्यकाल में 3 वर्ष के कार्यकाल में महिलाओं के खिलाफ 3 गुनी घटनाएं हुई थीं। कांग्रेस हमेशा से महिला विरोधी रही है। उनका डीएनए ही महिला विरोधी है।

**राधिका अपने परिवार के आर्थिक हितों के लिए मिथ्या प्रलाप कर रहीं : वंदना राजपूत**

राधिका खेड़ा के आरोपों के बाद प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा, कांग्रेस से भाजपा में गई राधिका खेड़ा अपने परिवार के आर्थिक हितों के लिए मिथ्या प्रलाप कर रही है। यह स्पष्ट हो चुका है कि उनके साथ कांग्रेस दफ्तर में किसी ने भी कोई अभद्रता नहीं की थी। उनको अपनी मां की कंपनी और चन्द्रखुरी पर बनाई गई डॉक्यूमेंट्री फिल्म के बिल की चिंता थी, इसीलिए उन्होंने सारा षड्यंत्र रचा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पर झूठे आरोप लगाया।

## बैज ने कहा- भाजपा के पास कांग्रेस से लड़ने कोई हथियार बाकी नहीं

महिला सुरक्षा को लेकर भाजपा नेत्री राधिका खेड़ा के इस बयान पर कि कांग्रेस पार्टी अपना घर नहीं संभाल पा रही है और महिलाओं की सुरक्षा की बात कर रही है, इस बयान पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राधिका खेड़ा घिसा पिटा मोहरा है, उन्हें भाजपा उपयोग कर रही। वहीं राधिका खेरा के प्रेस कांफ्रेंस पर दीपक बैज ने पलटवार करते हुए कहा, राधिका खेरा घिसा पिटा मोहरा है, उन्हें भाजपा उपयोग कर रही। भाजपा के पास कोई हथियार बाकी नहीं है, जो कांग्रेस से लड़ सके, इसलिए लड़ने के लिए दिल्ली से उन्हें हथियार बुलाना पड़ रहा। अगर दिल्ली के हथियारों से भाजपा लड़ना चाहती है, तो हम छत्तीसगढ़ के हथियार के साथ तैयार हैं।



### नक्सलियों की आड़ में मारे जा रहे आदिवासी

बस्तर में सीआरपीएफ की चार बटालियन तैनाती के मामले में श्री बैज ने कहा, बस्तर में पहले भी सीआरपीएफ की तैनाती होती रही है। सरकार नक्सलियों के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़े, लेकिन निर्दोष आदिवासियों की जान नहीं जाना चाहिए। नक्सलियों की आड़ में लगातार आदिवासी मारे जा रहे हैं।

### कांग्रेस नेता डरने वाले नहीं

पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर के खिलाफ अपराध दर्ज होने के मामले में बैज ने कहा, ये कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को डराने की कोशिश है। पहले परीक्षण करना था, लेकिन सीधे एफआईआर कर दी। सरकार को समझ लेना चाहिए कांग्रेस के नेता डरने वाले नहीं हैं।

# एएलएस सिस्टमयुक्त संजीवनी 108 वाहन जिले को वापस दिलाने विधायक ने लिखी चिट्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

बालोद जिले के एएलएस सिस्टमयुक्त संजीवनी 108 वाहन को वापस जिले में लाने की मांग को लेकर विधायक संगीता सिन्हा ने मुख्यमंत्री व मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि बालोद जिले के एकमात्र एडवांस लाईफ सपोर्ट सिस्टमयुक्त संजीवनी 108 वाहन जिसके माध्यम से गंभीर स्थिति वाले मरीजों को वाहन में ही समुचित चिकित्सा उपचार एवं देखभाल के साथ उच्च चिकित्सा उपचार हेतु रायपुर, दुर्ग एवं राजनांदगांव के चिकित्सलयों तक पहुंचाया जाता था, उसे धमतरी जिले के सुपुर्द कर दिया गया है। यह जिले के साथ अन्याय है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बालोद से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि आपके मौखिक निर्देश पर उक्त वाहन को धमतरी जिला को सौंप दिया गया है। विदित हो कि एडवांस लाईफ सपोर्ट सिस्टमयुक्त इस वाहन के माध्यम से जरूरतमंद कई मरीजों को समय पर अपालकालीन एवं त्वरित चिकित्सा उपचार होने से उन्हें जीवनदान मिला है। उक्त वाहन को धमतरी जिला भेज दिये जाने से बालोद जिले के हृदयघात, भीषण सड़क दुर्घटना एवं अन्य गंभीर स्थिति वाले मरीज उच्च चिकित्सा उपचार के लिए रिफर किये जाने की स्थिति मेंअत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त 108 वाहन के लाभ से वंचित हो गए हैं। विधायक श्रीमती सिन्हा ने कहा कि क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य हित को दृष्टिगत रखते हुए आपातकालीन स्थिति में जीवनदान देने वाले बालोद जिले के उक्त एक मात्र एएलएस संजीवनी 108 वाहन को वापस किया जाना अति आवश्यक है। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि जिले के निवासियों के हितो को देखते हुए एडवांस लाईफ सपोर्ट सिस्टमयुक्त उक्त संजीवनी 108 वाहन को अविलंब वापस किया जाए।



■ कहा- एकमात्र सर्वसुविधायुक्त एंबुलेंस को दूसरे जिले को सौंपा जाना बालोद के साथ अन्याय

# उन्नत नस्ल की गाय तैयार कर खरीदी-बिक्री के लिए पशु बाजार स्थापित किया जाए : रघुवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर में सोमवार को पशुओं के कल्याण कार्य संबंधी विषय पर चर्चा हुई है। भारतीय पशु कल्याण बोर्ड नई दिल्ली के सदस्य राम के. रघुवंशी ने बैठक में कहा कि उन्नत नस्ल की गाय तैयार करने पर प्रशासन फोकस करें। उन्नत नस्ल की गाय से दूध का उत्पादन भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि जिले में उन्नत नस्ल की गायों की खरीदी-बिक्री के लिए पशु बाजार भी होना चाहिए। इस पर कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने कहा कि इसके लिए गो अभयारण्य तैयार किया जा रहा है, जहां आवारा मवेशियों को रखा जाएगा और चारा-पानी की व्यवस्था की जाएगी।

भारतीय पशु कल्याण बोर्ड नई दिल्ली के सदस्य प्रदेश दौरे पर आए हुए हैं। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में कलेक्टर के अलावा जिला पंचायत विश्वदीप, पशुधन विभाग के संयुक्त संचालक शंकरलाल उईके सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जिले में डॉग एनिमल ब्रीडिंग कंट्रोल कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 5 वर्षों में 28 हजार 865 श्वान का बधियाकरण किया जा चुका है। साथ ही डॉग शेल्टर हाउस बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। श्री रघुवंशी ने जिला प्रशासन के इस कार्य की सराहना की।

# युकां ने मांगा निगम चुनाव के लिए टिकट, जो सक्रिय नहीं उन्हें पद से हटाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

युवा कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को राजीव भवन में हुई। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में हार की समीक्षा किए जाने के साथ ही नगरीय निकाय चुनावों को देखते हुए आने वाले तीन माह में कार्यों की रूपरेखा भी बनी। यूथ कांग्रेस की बैठक में आने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई। यूथ कांग्रेस के सदस्यों को अधिक से अधिक टिकट देने की मांग करने पर सहमति बनी। इसके लिए उच्च स्तर पर चर्चा की गई।

प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में यह तय किया गया कि आने वाले चुनाव को देखते हुए हर महीने 1 तारीख से 5 तारीख के बीच ब्लॉक, विधानसभा एवं जिले की बैठक आवश्यक रूप से ली जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय सचिव शेषनारायण ओझा मौजूद रहे। प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा, राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद शाहिद व शशि सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष मोनू अवस्थी, विधि नामदेव, मोहम्मद जीशान, मानस पांडे, तुकाराम चंद्रवंशी सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।




### जो मेहनत कर रहे, उन्हें देंगे बड़ी जिम्मेदारी

प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय सचिव शेषनारायण ओझा ने कहा, संगठन में जो सक्रिय तौर पर काम नहीं कर रहे हैं, उन्हें दूसरी जिम्मेदारी दी जाएगी या फिर उन्हें पद से मुक्त किया जाएगा। जो संगठन के लिए सालों से मेहनत करते हुए कार्य कर रहे हैं, उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी।

# सक्रिय सदस्य बनने भाजपा में मची होड़

## हर कार्यकर्ता चाहता है उनके लिंक से बने जाएं 50 से ज्यादा सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन का सदस्यता अभियान चल रहा है। दो चरणों में सामान्य सदस्यता अभियान के बाद सक्रिय सदस्यता को लेकर अभियान चलेगा। इस बार सक्रिय सदस्य बनने की भाजपा के कार्यकर्ताओं में होड़ लग गई है। हर कार्यकर्ता चाहता है कि उनके लिंक से 50 से ज्यादा सदस्य बन जाएं, ताकि उनको सक्रिय सदस्य की मान्यता मिल जाए। हालांकि महज 50 सदस्य बनाने से ही सक्रिय सदस्यता नहीं मिल जाएगी, इसके लिए जिलाध्यक्ष और जिले के प्रभारी का भी अनुमोदन लगेगा।

भाजपा का सदस्यता अभियान बूथ स्तर पर 6 सितंबर से प्रारंभ हुआ है। इसके बाद से तेजी से सदस्य बनाने का काम चल रहा है। भाजपा के जो पुराने सक्रिय सदस्य हैं, वे जहां इस प्रयास में जुटे हैं कि वे वापस सक्रिय सदस्यता प्राप्त कर लें, वहीं थोक में नए कार्यकर्ता भी इस प्रयास में हैं कि उनको भी इस बार सक्रिय सदस्यता मिल जाए ताकि उनको भी पार्टी में किस पद तक पहुंचने का मौका मिल जाए। यही वजह है कि भाजपा का हर कार्यकर्ता इस प्रयास में है कि उनके ही लिंक से ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनें। हर कार्यकर्ता अपने लिंक को जहां अपने मित्रों को शेयर करके उनसे सदस्यता लेने का आग्रह कर रहा है, वहीं बूथों में भी जो कार्यकर्ता सदस्य बनाने जा रहे हैं, वे अभी इसी प्रयास में हैं कि उनके लिंक से ही आम लोग भाजपा की सदस्यता ले लें ताकि उनके लिए सक्रिय सदस्य बनने का रास्ता खुल सके।



### सक्रिय सदस्य को ही मिलता है पद

*भाजपा में पार्टी के किसी भी पद के लिए कार्यकर्ता का सक्रिय सदस्य होना जरूरी होता है। सक्रिय सदस्य बनने के लिए 50 सामान्य सदस्य बनाने होते हैं। इसके बाद सक्रिय सदस्य को सौ रुपए का शुल्क देना होता है। लेकिन सिर्फ कोई 50 सदस्य बनाने के बाद सक्रिय सदस्य बन जाएगा ऐसा नहीं है। इसके लिए उस सदस्य के लिए उस जिले के भाजपा के जिलाध्यक्ष के साथ जिले के प्रभारी की सहमति भी जरूरी है। जिलाध्यक्ष और जिले के प्रभारी यह देखते हैं कि वास्तव में जो सक्रिय सदस्य बनना चाह रहे हैं वे कितने सक्रिय हैं। देखा जाता है कि ये कार्यकर्ता भाजपा के कार्यक्रमों, आंदोलनों और आयोजनों में आते हैं या नहीं। जो लोग महज पद के लिए सक्रिय सदस्य बनना चाहेंगे, उनके लिए जिलाध्यक्ष और जिले के प्रभारी अनुमोदन नहीं करते हैं।*

## महिला कांग्रेस आज मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी

# कांग्रेस लगातार धरना प्रदर्शन कर राज्य सरकार पर बना रही दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी लगातार धरना प्रदर्शन कर राज्य सरकार पर दबाव बना रही है। अब महिला सुरक्षा को लेकर 10 सितंबर को महिला कांग्रेस मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी। 11 सितंबर को पूरे प्रदेश में प्रेसवार्ता कर सरकार की कमियों को जनता को बताएगी। इसी तरह 12 सितंबर को फिर इसी मुद्दे को लेकर जिला मुख्यालयों में भाजपा सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेगी। इन दोनों कार्यक्रमों को लेकर कांग्रेस संगठन में जोरों पर तैयारी चल रही है।

कांग्रेस का कहना है कि जिस तरह से सरकार की कमियों को लेकर लगातार सरकार के सांसद, दो बार के सांसद सरकार को पत्र लिखे हैं कि हमने जुमला पत्र में बिन्दुवार उल्लेख किया है, लेकिन पूरा नहीं हुआ है। सरकार को चेतावनी भी दी है कि ये मांग को तत्काल पूरी करें। सरकार के वर्तमान विधायक बढ़ते अपराध को लेकर सरकार को चिट्ठी लिखते हैं कि अपराध बढ़ रहे हैं। अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है, इसलिये मेरे क्षेत्र में सीसीटीवी लगाया जाये।

### 12 को सीमेंट के बढ़े हुए दाम वापस लेने प्रदर्शन




### गांधी मैदान पर सभा के बाद सीएम हाउस घेराव करने निकलेंगे

*महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने बताया कि मंगलवार को कांग्रेस भवन, गांधी मैदान में सुबह 11 बजे सभा होगी, सभा के बाद 12:30 बजे प्रदेशभर से आई महिला कांग्रेस बहनें गांधी मैदान से मुख्यमंत्री निवास के घेराव के लिए निकलेंगी। उन्होंने कहा, प्रदेशभर में महिलाएं बेटियां आक्रोशित हैं, बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का खोखला नारा देने वाले आज आरोपियों को बचा रहे हैं। डबल इंजन की सरकार में बेटियां भय के वातावरण में रहने को मजबूर हैं। बस्तर, जशपुर, बिलासपुर, कोंडागांव, नारायणपुर, भिलाई, राजिम, सक्ति, रायगढ़, अंबिकापुर से लेकर राजधानी रायपुर में भी महिलाओं के साथ लगातार अत्याचार अनाचार और बलात्कार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।*

# नगरीय निकायों में डेढ़ सौ अभियंताओं के तबादले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने करीब 150 अभियंताओं के तबादला आदेश जारी किए हैं। इनमें सबसे अधिक 119 उप अभियंता हैं। अन्य में अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, और सहायक अभियंता शामिल हैं। सूची इस प्रकार है- मनोज सिंह ठाकुर अधीक्षण अभियंता भिलाई से एजीएम रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, संजय शर्मा अधीक्षण अभियंता भिलाई से बिलासपुर, संजय बांगडे अधीक्षण अभियंता भिलाई से रायपुर, डीके सिंह अधीक्षण अभियंता अंबिकापुर से कार्यपालन अभियंता अंबिकापुर, प्रमोद दुबे कार्यपालन अभियंता बिलासपुर से प्रभारी अधीक्षण अभियंता अंबिकापुर, अजीत कुमार तिग्गा कार्यपालन अभियंता जगदलपुर से कोरबा, शंकरदयाल शर्मा कार्यपालन अभियंता भाटापारा से महासमुंद, संजय अग्रवाल मैनेजर स्मार्ट सिटी रायपुर से कार्यपालन अभियंता भिलाई, विजय खलको कार्यपालन अभियंता धमतरी से बिलासपुर, पद्माकर श्रीवास कार्यपालन अभियंता रायपुर से राजनांदगांव, एमपी गोस्वामी कार्यपालन अभियंता सूडा नवा रायपुर से दुर्ग, मो. इमरान खान कार्यपालन अभियंता रायपुर से राजनांदगांव, अरुण कुमार शर्मा कार्यपालन अभियंता कोरबा से बिलासपुर, एमपी देवांगन कार्यपालन अभियंता रिसाली से भिलाई, प्रवीण शुक्ला कार्यपालन अभियंता बिलासपुर से अंबिकापुर स्थानांतरित किए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### 'विरासत-काव्य कलश' के विमोचन पर कवि कोटक का सम्मान

**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में सोमवार को ख्यातनाम कवि हरीश कोटक को उनकी प्रथम कृति विरासत-काव्य कलश के विमोचन के अवसर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान मंडल के मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन, संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर, नाट्य मंडल के निर्देशक अनिल श्रीराम कालेले, सचिव प्रसन्न निमोणकर, प्रशांत देशपांडे ने कवि कोटक को सूतमाला, शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। इस मौके पर महाराष्ट्र मंडल के वरिष्ठ सभासद व रोटरी क्लब के पूर्व गवर्नर शशि वरवंडकर ने कवि हरीश कोटक का मंडल में योगदान व सक्रिय सहभागिता की चर्चा की। साथ ही मंडल के प्रतिनिधियों ने भी हरीश कोटक को नये काव्य संग्रह की बधाई दी। विमोचन व काव्य गोष्ठी समारोह में महाराष्ट्र मंडल के वरिष्ठ सभासद हरीश कोटक ने अपनी चुनिंदा कविताओं का पाठ करते हुए महाराष्ट्र मंडल की उपलब्धियों पर चर्चा की।

### केंद्रीय जेल में मनाया नुआखाई मिलन समारोह

**रायपुर।** सुराज जनकल्याण समिति सोसाइटी द्वारा विगत 15 वर्षों से केंद्रीय जेल रायपुर में नुआखाई मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने महीनों, वर्षों से अपने घर-परिवार से दूर रह रहे जेल में बंद विचाराधीन बंदी, अपराधी से साथ नवान्न से बने प्रसाद का सामूहिक रूप से ग्रहण किया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक नेता वरिष्ठ अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, आप सभी हमारे समाज के अभिन्न अंग हैं, अपराधमुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेकर अपराध जगत को दूर होकर देश-समाज और राष्ट्र के नवनिर्माण में अपना योग दें। कार्यक्रम को भाजपा फाफाडीह मंडल के अध्यक्ष गोरेलाल नायक, प्रीतम महानंद, नेता आशीष तांडी, राधे नायक, संतोष निहाल ने संबोधित किया। कार्यक्रम में भोला दीप, शालू शर्मा, रबिया बानो एवं बड़ी संख्या में विचाराधीन बंदी, जेल के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### कोविड के लिए क्लिनिकल रजिस्ट्री में एम्स के योगदान को मिली सराहना

**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स को आईसीएमआर के अंतर्गत उन 13 प्रमुख सलाकार संस्थानों में शामिल किया है, जो कोविड -19 के लिए राष्ट्रीय क्लिनिकल रजिस्ट्री में योगदान कर रहे हैं। रजिस्ट्री द्वारा पूरे भारत से 51,781 कोविड-19 रोगियों पर महत्वपूर्ण डेटा एकत्र किया गया है। यह डाटा महामारी को समझने और उसके नैदानिक परिणामों में सुधार करने के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है। इस उपलब्धि के लिए एम्स, रायपुर के कार्यपालक निदेशक डॉ. अशोक जिंदल और को-इन्वेस्टिगेटर डॉ. पंकज कुमार कन्नौजे को पिछले दिनों सम्मानित किया गया।

## अंचल में गणेशोत्सव की धूम



गुरुर। सुभाष नगर कॉलोनी



गुरुर।



अंडा।

### महावीर भवन में हुआ सामूहिक क्षमा-याचना कार्यक्रम का आयोजन

# क्षमा करने और मांगने से मन का बोझ हल्का हो जाता है : संत ऋषभ सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पर्युषण पर्व के बाद संघ द्वारा सामूहिक रूप से क्षमा याचना का कार्यक्रम महावीर भवन में रखा गया। इस आयोजन में वक्ताओं ने अपने विचार रखे, जिसमें क्षमा का महत्व बताया गया।

संत ऋषभ सागरजी म सा ने श्रीसंघ के समस्त सदस्यों से मिच्छामि दुक्कडम कहते हुए कहा कि सबसे अधिक बोलने का काम मुझे ही पड़ता है, कई बार अरुचिकर बातें भी कहने में आ जाती है। संघ हमसे ऊपर होता है, साधु साध्वियों के संरक्षक होते हैं, व्याख्यान या स्वध्याय कराते हुए कोई अरुचिकर बातें कही हों तो सकल श्रीसंघ से एवं व्यक्तिगत रूप से खमत–खामना करते हैं। श्री संघ अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन ने कहा कि हम कृतज्ञ हैं परमात्मा के, गुरुजनों के जिन्होंने हमें आत्मा के कल्याण के विभिन्न मार्ग बताये। क्षमा करने और क्षमा मांगने से मन का बोझ हल्का हो जाता है। जिस तरह गन्ने का रस तो ग्रहण किया जाता है लेकिन गांठो को निकाल दिया जाता है उसी तरह गुणों को ग्रहण करे और मन मे रहे गांठों को निकाल दें। मैं श्रीसंघ अध्यक्ष के नाते सभी सदस्यों से क्षमा याचना करता हूँ। प्रोफेसर आरके गोलछा ने कहा कि हमे प्रकृति से सीखना चाहिए जो हम पर बहुत उपकार करती है, हमें बहुत कुछ देती है, लेकिन बदले में कुछ भी नहीं लेती। यह परोपकार का गुण है। परोपकार का गुण भी तभी विकसित होता है जब क्षमा का भाव मन में हो। क्षमा करना और क्षमा मांगना दोनों बड़े दिल वालों का काम है, इसलिए क्षमा को वीरों का आभूषण कहा गया है।





उन्होंने संतद्वय एवं उपस्थित जनों से क्षमा याचना की। संतों के प्रति समर्पित राजीब जैन ने कहा कि इतने उदार संत का हमें सानिध्य मिला यह हमारा सौभाग्य है, इनकी करुणा हम पर बनी रहे। हम अज्ञानियों से जो भी त्रुटि हुई हो उसके लिए नत मस्तक होकर क्षमा याचना करते हैं।

### क्षमा पर्व को अंतर्मन से आत्मसात करें : रमेश

रमेश बाफना ने कहा कि क्षमा पर्व आत्मा को निर्मल करने का पर्व है। इसलिए इसे अंतर्मन से आत्मसात करना चाहिए। संत श्री का एक श्रावक ऐसा भी है, जो शब्दों को पूरी तरह से बोलने में सक्षम नहीं है फिर उसने अपनी टूटी फूटी भाषा में संतों के प्रति अपने कृतज्ञता के भाव व्यक्त किया, वो है मोनू ढ़ेलडिया। मीना बाफना, रंजना भंसाली ने गीतों के माध्यम से अपने भाव रखे। कार्यक्रम का संचालन श्रुति भंसाली ने किया।

## सदस्यता अभियान को लेकर हुई भाजपा की संभागीय बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सदस्यता अभियान को लेकर जिला भाजपा की संभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश संगठन क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, संभागीय प्रभारी भुपेन्द्र सवन्नी, प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती, प्रदेश मंत्री अवधेश चंदेल की उपस्थिति जिला भाजपा कार्यालय भिलाई में जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों एवं सदस्यता अभियान के जिला संयोजकों की आपेक्षत श्रेणी में नेतागण उपस्थित रहे। बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष बालोद पवन साहू, जिला सदस्यता अभियान संयोजक जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव उपस्थित थे। बैठक में जिले में चल रहे सदस्यता अभियान को लेकर संपूर्ण जानकारी प्रदेश नेतृत्व को दी। सदस्यता अभियान के लिए प्रांतीय नेताओं के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## टेकवाडीह में कर्मचारी संघ ने शिक्षकों के साथ प्रतिभाओं का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम ठेकवाडीह में कर्मचारी संघ द्वारा तीज मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि ईश्वर लाल साहू, दुलार गंजीर, गुलाब सिंह साहू, गिरधारी साहू, डॉ देवेन्द्र कुमार साहू थे। जिसमें बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, शिक्षक सम्मान, निःस्वार्थ सेवा समिति के युवाओं का सम्मान, गरीब बच्चे जिसके पिता स्वर्गवास हो गए हैं, का सहयोग व सम्मान, करु भात आयोजक युवाओं एवं अतिथियों का सम्मान गमछा और श्री फल व बच्चों को पेन कापी व सहयोग राशि भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में जगत राम साहू, केशव राम साहू, उदय लाल साहू, जगमोहन साहू, हेमंत साहू, सूर्यकांत साहू, चंद्रकांत साहू, टिकेश्वर साहू, गैंदलाल ठाकुर, प्रेमलाल साहू, बृजराज साहू आदि का सहयोग रहा।

संघ द्वारा तन्मय साहू पिता स्व. गैंदलाल साहू, टोमेश्वर साहू पिता स्व. दीनदयाल साहू, हेमप्रकाश ठाकुर पिता स्व. सनक कुमार ठाकुर, चंदन कुमार ठाकुर पिता स्व. रामप्रसाद ठाकुर सम्मान किया गया।

## झूठा आरोप लगाकर प्रताड़ित करने की शिकायत

### पीआरपी संकुल प्रभारी मोनिका ने की मामले की निष्पक्ष जांच की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के डौण्डी ब्लाक में राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन अंतर्गत कार्य करने वाली महिलाओं पर झूठा और बेबुनियाद आरोप लगाकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए पीआरपी संकुल प्रभारी मोनिका पटेल ने मामले की निष्पक्ष जांच व दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं बिहान समूह से जुड़ी अनेक कार्यकर्ताओं ने मोनिका पटेल को न्याय दिलाने की मांग की है।

पीआरपी मोनिका पटेल ने बताया कि वह राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत पीआरपी संकुल प्रभारी के तौर पर पिछले सात वर्षों से डौण्डी ब्लाक अंतर्गत ग्राम भर्रीटोला 36 में कार्यरत है। वहीं, संकुल द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष्य में भर्रीटोला ग्राम पंचायत भवन के सामने 2 मार्च 2023 को कार्यक्रम के दौरान आरोप लगाया गया कि मैंने जाति पूछकर बच्चों को कार्यक्रम में सम्मिलित किया, जो कि गलत है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तत्कालीन सीईओ डॉ रेणुका श्रीवास्तव थी, वहीं जनपद एवं गांव के पंच व जनप्रतिनिधि विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सरपंच अनिता पौषार्य ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की थी।

कार्यक्रम में संकुल के अंतर्गत आने वाले 29 गांव की महिलाएं एवं बच्चे भी आए हुए थे, जिनके भोजन की व्यवस्था से लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में भर्रीटोला ग्राम की सरपंच की बेटी सहित लगभग 25 बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए थे। उनमें से अधिकांश बच्चे आदिवासी समाज के ही थे। लेकिन, मुझ पर आरोप लगाते हुए ग्राम सभा में बुलाया गया, जहां मुझे दो दिन में गांव से बाहर फिंकवाने की धमकी दी गई। मुझ पर बहुत दबाव डाला गया और जनपद पंचायत डौण्डी में मेरे खिलाफ झूठे आरोप लगाकर ग्राम सभा के प्रस्ताव के साथ शिकायत की गई। बीते 5 सितंबर 2024 को गांव वालों को भड़काकर मेरे विरूद्ध फिर से 18 माह बाद शिकायत कर 11 सितंबर 2024 को धरना प्रदर्शन करने की धमकी देकर मुझे वहां से हटाने का दबाव बनाया गया। उन्होंने कहा कि मुझ पर झूठे आरोप लगाकर मेरी छवि को धूमिल करने का काम किया गया है, जिसके कारण मैं मानसिक रूप से बहुत ही परेशान हो गई हूं। मोनिका पटेल ने मामले में निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए इस तरह के कृत्य करने और गांव का माहौल खराब करने वालों पर अपराध पंजीबद्ध करने की मांग की है।

### समर्थन में आई बिहान समूह की महिलाएं

वहीं, इस मामले को लेकर बिहान समूह की 29 ग्रामों की महिलाओं ने जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने मोनिका पटेल पर झूठे आरोप लगाए जाने की बात कहते हुए उसे खारिज करने तथा प्रभारी मोनिका पटेल को यथावत संकुल प्रभारी भर्रीटोला 36 में ही पद्स्थ रखने की मांग की है।

## सदस्यता अभियान के लिए बूथों में सामग्री वितरित



**बालोद।** सदस्यता अभियान को लेकर लगातार भाजपा शहर मंडल के नेता एवं कार्यकर्ता अपने–अपने स्तर पर सदस्यता अभियान को गति दे रहे हैं। बैठक लेकर शक्ति केंद्र में आ रहे समस्त बूथों में सामग्री का वितरण कर सदस्यता को लेकर दिशा निर्देश दिए। कोई वर्ग भारतीय जनता पार्टी से अछूता न रहे इस बातों को बताते हुए कार्यकर्ताओं को इस अभियान में इस पर्व में जुट जाने का आह्वान किया। इसी तरह शक्ति केंद्र 4 की सह प्रभारी मोना टुवानी व सदस्यता अभियान टोली के सदस्य राकेश बंटी बाफना, कमल बजाज ने अपने तीनों बूथों में सामग्री का वितरण किया।

## भाजपा शासन में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़े : संगीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- राजधानी रायपुर में हुए धरना-प्रदर्शन में शामिल हुईं विधायक

प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार का आरोप लगाते हुए इसके खिलाफ कांग्रेस द्वारा रायपुर में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। प्रदर्शन में संजारी-बालोद विधायक संगीता सिन्हा भी शामिल हुईं। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि 8 माह की भाजपा सरकार में महिलाओं के खिलाफ अपराध में चिंताजनक रुप से वृद्धि हुई है। प्रदेश में महिलाओं में असुरक्षा की भावना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की 8 माह की सरकार में गोलीबारी की 4 घटना हुई है, चिंताजनक रुप से 600 से अधिक बलात्कार की घटनाएं हुई हैं, प्रदेश में मासूम बच्ची व अधेड़ महिला भी असुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि 3094 छेड़छाड़ की घटना, 251 अपहरण, 700 हत्या के प्रयास की घटनाएं हो चुकी हैं। संगीता सिन्हा ने कहा कि डीपीएस भिलाई की घटना शर्मशार कर देने वाली है। प्रदेश ही नहीं देश में जहां भी भाजपा की सरकार है, वहां महिलाओं पर अत्याचार बढ़ा है। भाजपा राज वाले प्रदेशों मे महिलाओ के खिलाफ अपराध के आंकड़े चौकाने वाले हैं। यूपी में 15858, हरियाणा में 1460, महाराष्ट्र में 1504, बिहार में 1456 अपराध महिलाओं पर अत्याचार के हुए हैं। संगीता सिन्हा ने कहा कि एनसीआरबी राष्ट्रीय अपराध रिपोर्ट ब्यूरो रिपोर्ट 2024 में छत्तीसगढ़ राज्य महिलाओं के लिए असुरक्षित है। राज्य में आपराधिक दर प्रति व्यक्ति 4 है, जो चिंताजनक है।



पेज 9 का शेष

### बारिश के कारण ...

इसकी पंजीयन की प्रक्रिया का समुचित प्रचार–प्रसार करने के निर्देश भी दिए। चन्द्रवाल ने जिले के प्रभारी मंत्री के निर्देशानुसार जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों को सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सोनोग्राफी मशीनों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने जिले में निर्धारित समयावधि में शासकीय कार्यों का संपादन सुनिश्चित कर शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कराने हेतु सभी विभागों एवं कार्यालयों में मासिक समीक्षा बैठक के आयोजन की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को अपने अधीनस्थ अधिकारी–कर्मचारियों का प्रतिमाह समीक्षा बैठक आयोजित कर अनिवार्य रूप से इसका रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सदस्यता अभियान का मिल रहा सार्थक प्रतिसाद

**रायपुर।** भाजपा प्रदेश सदस्यता प्रभारी अनुराग सिंहदेव ने कहा कि



प्रदेश के सभी संगठन जिलों व बूथ, शक्ति केंद्रों में सदस्यता अभियान को व्यापक समर्थन मिल रहा है। बड़ी संख्या में आमजन भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं। अब तक प्रदेश में करीब 7 लाख सदस्य जुड़ चुके हैं और लगातार अभियान से जुड़कर सदस्यता ले रहे हैं। उन्होंने सभी से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में भाजपा से जोड़ने के लिए पार्टी कार्यकर्ता और मजबूती से जुटें।

### विश्वकर्मा जयंती पर प्रदेश स्तरीय श्रमिक सम्मेलन

**रायपुर।** प्रदेश के श्रम विभाग द्वारा मंगलवार 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय श्रमिक सम्मेलन आयोजित है। यह सम्मेलन बुढ़ापारा स्थित बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में होगा।

### मिनीडोर की ठोकर से साइकिल सवार की मौत

**रायपुर।** धरसींवा थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम मिनीडोर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल एक साइकिल सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, घटना दिनांक को मूलतः जशपुर बगीचा निवासी दिलीप किंडो की एक्सीडेंट में मौत हुई है। दिलीप घटना दिनांक को साइकिल से जा रहा था। सिलतरा बायपास के पास मिनीडोर सीजी-04 पीए-8110 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए दिलीप के साइकिल को ठोकर मार दी।

### निषाद केंवट समाज का तीज मिलन समारोह 16 को

**भिलाई।** निषाद केवट समाज महिला प्रकोष्ठ भिलाई नगर परिक्षेत्र का तीज मिलन समारोह 16 सितंबर को निषाद छात्रावास कोहका में मनाया जाएगा। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डेकेश्वरी निषाद महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष ने बताया कि आयोजन में परिक्षेत्र के समस्त महिलाएं शामिल होंगी। आयोजन में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की पत्नी ऋचा सेन प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगी। इसके अलावा दुर्ग जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोषी निषाद, प्रेमलता निषाद, सुशीला निषाद, हिमेश्वरी निषाद, मालती निषाद सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। इस आयोजन में समाज की महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद एवं अनेक मनोरंज कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### ऋचा अब ट्रैफिक की पर्यवेक्षक

**भिलाई।** क्राइम की एएसपी रही ऋचा मिश्रा को एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने आदेश जारी करते हुए एसीसीयू, सायबर सेल जिला दुर्ग के प्रभार से भारमुक्त कर ट्रैफिक जिला दुर्ग का पर्यवेक्षण का कार्यभार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। क्राइम में रहते हुए ऋचा मिश्रा ने महादेव सट्टे से जुड़े कई बडे सटोरिया को पकड़ा और कई बड़े मामलों को ट्रेस करने में अहम योगदान रहा है।

## अंचल में गणेशोत्सव की धूम



गुरुर। नव युवा शक्ति



गुरुर। शीतला पारा समिति।



बालोद। ग्राम बोड़की



गुरुर। सुभाष नगर

### मांग : मंगलवार को निकाली विशाल रैली, किया चक्काजाम

# किसानों ने घेरा नगर पंचायत, लिखित आश्वासन के बाद हटे






हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

तीन सूत्रीय मांगें समय पर पूरी नहीं होने से नाराज सैकड़ों किसानों को आखिर नगर पंचायत का घेराव होने को मजबूर होना पड़ गया। मंगलवार को सैकड़ों महिला पुरुषों ने नगर में विशाल रैली निकाली और प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए नगर पंचायत डौंडी का घेराव करने के साथ ही सड़क जाम कर दिया। वहीं, किसानों की मांगों का व्यापारियों ने भी पुरजोर समर्थन किया और डौंडी नगर की समस्त प्रतिष्ठानें सुबह से शाम तक बंद रखी।

विदित हो कि तीन सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों द्वारा विगत माह पूर्व नगर पंचायत, तहसील और अनुविभागीय कार्यालय को ज्ञापन सौंपकर चक्काजाम की चेतावनी दी गई थी। इस पर प्रशासन ने किसानों की मांग महीने भर में पूर्ण किए जाने का आश्वासन दिया, जिसके कारण उस समय चक्काजाम स्थगित कर दिया गया था। लेकिन, प्रशासन अपने आश्वासन पर खरा नहीं उतरा और नियत समय पर समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया। इससे आक्रोशित किसानों ने दूसरी बार ज्ञापन सौंपकर मांग पूरी करने का आग्रह किया। साथ ही 9 सितंबर तक मांग पूरी नहीं होने पर 10 सितंबर को चक्काजाम करने की चेतावनी भी दी। इससे हरकत में प्रशासन हरकत में आया और 9 सितंबर को किसानों के साथ संयुक्त बैठक की। लेकिन, बैठक बेनतीजा रही। उसके बाद किसानों ने अपनी मांगों को लेकर चक्काजाम का निर्णय लिया। मंगलवार को किसानों ने पूर्व निर्धारित धरना प्रदर्शन के तहत डौंडी नगर पंचायत का घेराव करन दिया, वहीं गेट के पास मुख्य मार्ग पर सड़क जाम कर दिया।



### तय समय सीमा में मांग पूरी नहीं हुई, तो होगा उग्र आंदोलन

प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक के बाद किसानों की विशाल रैली सीधे जमींदारिन मंदिर प्रांगण पर पहुंची, जहां उनकी बैठक हुई। बैठक में सुनील राठौर ने सभी किसानों को प्रशासन द्वारा दिए गए लिखित आश्वासन को पढ़कर सुनाया। साथ ही कहा गया कि यदि प्रशासन द्वारा निर्धारित समयावधि में मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो किसानों द्वारा आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### आंदोलन के समर्थन में शाम तक बंद रहीं दुकानें

किसानों के नपं घेराव व सड़क जाम स्थल में नगर के अनेक व्यापारी बंधु और मौर्य मंडल के युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने भी धरनास्थल पर आकर अपना समर्थन दिया। आपको बता दें कि किसानों द्वारा दोपहर दो बजे तक धरना प्रदर्शन किया गया, लेकिन नगर की अधिकांश दुकानें दोपहर बाद शाम तक बंद रखी गई। इसके लिए किसानों ने समस्त व्यापारियों का आभार व्यक्त किया। किसानों के धरना प्रदर्शन में किसान संघ के संरक्षक सदस्य बलिराम धनकर,फागूराम आल्हा,सुनील राठौर,संतोष धनकर,जीरखू राम मालेकर,राजेंद्र मानकर सहित पार्षदो में पल्टन भुवार्य, भावेश यादव पूर्व नगर अध्यक्ष खिलेन्द्र भुवार्य और डौंडी नगर के सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष कृषक उपस्थित रहे। वहीं, प्रशासन की ओर से अनुविभागीय अधिकारी आरके सोनकर, तहसीलदार हिंसा राम नायक, सीएमओ संतोष देवांगन सहित पुलिस बल के साथ प्रभारी मुकेश सिंह भी डटे थे।

### इन बातों पर बनी सहमति अधिकारियों ने दिया लिखित आश्वासन

मंगलवार सुबह नगर के राजा तालाब के पास किसान सुनील राठौर के मार्गदर्शन में किसानों की भीड़ नपा घेराव करने पहुंची। सैकड़ों महिला पुरुष इकट्ठा हुए और साढ़े दस बजे से किसानों ने राजा तालाब से थाना मार्ग, रेस्ट हाऊस मार्ग, मथाई चौक मुख्य मार्ग से जवाहर पारा, बस स्टैंड, दुर्गा चौक, गांधी चौक होते हुए सीधे नगर पंचायत कार्यालय पहुंच नपं का घेराव कर दिया। इस विशाल रैली में किसानों ने नगर पंचायत प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की और नपं मुख्य गेट समीप स्थित मुख्य मार्ग में करीब दो घंटे तक सड़क जाम कर दिया। इस दौरान डौंडी नपा सीएमओ, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार और किसानों के मध्य मांगों के संबंध में चर्चा शुरू हुई। इस दौरान किसानों की मांग पर नगर व सड़क मार्गों पर विचरण कर रहे आवारा पशुओं को चराने के लिए नगर पंचायत के तीन कर्मचारियों को लगाए जाने तथा डौंडी नगर में बन रहे विवादित अपूर्ण गौठान को उच्च न्यायालय के निर्णय आने के बाद पूर्ण किए जाने की बात कही गई। इसके साथ ही बम्हनी डायवर्सन के तहत मथाई चौक पर स्थित नहर नाली पर अतिक्रमण को 15 दिवस में प्रशासन द्वारा हटाए जाने की लिखित सहमति बनी। उसके बाद किसानों ने नपं का घेराव और चक्काजाम समाप्त किया।

# कलंगपुर में कांप्लेक्स बनाने तोड़ दी दुकानें, दो माह बाद भी नहीं रखी नींव

**बालोद/कलंगपुर।** व्यावसायिक परिसर बनाने की आड़ में ग्राम पंचायत द्वारा छोटे-छोटे दुकानदारों के साथ अन्याय किए जाने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। बता दें कि गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत कलंगपुर स्थित बस स्टैंड के समीप स्कूल किनारे गांव के 5-7 लोग छोटी-छोटी दुकान लगाकर अपना जीवन यापन कर रहे थे।

उन दुकानों को पंचायत द्वारा पिछले दो माह पहले भरी बारिश के दिनों में तुड़वा कर वहां पर काम्प्लेक्स बनाकर उन दुकानदारों को वितरण करने की बात कही गई थी। उक्त दुकानदारों ने काम्पलेक्स में दुकान मिलने की आस में अपनी दुकान तोड़ दी। लेकिन, दो माह बीत जाने के बाद भी अब तक उस जगह पर व्यावसायिक परिसर की नींव पंचायत द्वारा नहीं खोदी गई। दुकान के टूट जाने से दुकानदारों के समक्ष बेरोजगारी उत्पन्न हो गई है। अब ग्राम पंचायत की नजर बस स्टैंड के पास बाजार स्थल के दूसरी ओर 9–10 छोटी-छोटी दुकानों पर है। उन दुकानों को वहां से हटाकर उस जगह पर यात्री प्रतिक्षालय बनाने की बात कही जा रही है। पंचायत के इस निर्णय से दुकानदारों में भारी आक्रोश है। वहां के दुकानदारों का कहना है कि हम यहां पर लगभग 35 वर्षों से छोटी-छोटी दुकान बनाकर अपना एवं अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। यदि पंचायत इसे तुड़वा देगी तो हम दुकानदारों के समक्ष बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी।

- दुकान के अभाव में दुकानदारों के समक्ष बेरोजगारी की समस्या

दुकानदारों ने सरपंच पुष्पा गोविंद सिन्हा पर आरोप लगाते हुए कहा कि यहां पर व्यावसायिक परिसर एवं यात्री प्रतिक्षालय बनाने की आड़ लेकर हमारी दुकानों को तोड़ कर हमें बेरोजगार करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यदि व्यवसायिक परिसर बनाना होता, तो अब तक बन जाता। क्योंकि, दुकानों को तोड़े दो माह से ज्यादा हो गया, अब तक काम्पलेक्स का अता–पता नहीं। इससे स्पष्ट होता है कि सरपंच और यहाँ के बड़े–बड़े व्यापारियों की मिलीभगत से छोटे-छोटे दुकानदारों को बस स्टैंड के पास से खदेड़ना चाहते हैं।

# गलियां लबालब, घरों में भी घुसा पानी





**गुरूर।** तहसील मुख्यालय में सोमवार को रात्रि में हुई तेज बारिश से अंचल में जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बारिश के कारण कई ग्रामों का तहसील व जिला मुख्यालय से सीधा संपर्क टूट गया। सूखे खतों में भी आवश्यकता से अधिक पानी हो गया, जिससे किसानों को खेतों से पानी निकालना पड़ रहा है। पानी के कारण लोगों को घर में ही रहकर जीवन व्यतीत करना पड़ा।

बारिश से खेत खलिहानों में पानी लबालब भर गया, जिससे कि किसानों के चेहरों पर खुशी रही। हालांकि खेतों की फसलों के लिए गंगरेल नहर से पानी छोड़ा गया था, किंतु गैर सिंचित खेतों की फसलों के लिए वरदान साबित हुआ, क्योंकि किसान बारिश नहीं होने से चिंतित थे। तेज बारिश से कई गांव की गलियों में पानी घुस गया जिससे कि लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश का पानी ग्राम सोनाईडोगरी में आनंदी यादव, नानक देव यादव के घर में घुस गया। इसके कारण उन्हें रात भर परेशानी उठानी पड़ी। प्रभावित ग्रामीणों ने बताया कि जब भी बारिश होती है, तो हम लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। इसी तरह ग्राम ठेकवाड़ीह में भी बारिश का पानी गलियों में आ गया, जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन करने में परेशानी उठानी पड़ी। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले अब तक इतनी बारिश नहीं हुई थी, कि पानी गलियों में आ जाए।

- भारी बारिश से तहसील मुख्यालय से कई गांवों का सीधा संपर्क

### फैक्ट्री में हाइड्रा का बकेट गिरा, महिला की मौत

**भिलाई।** फैक्ट्री काम कर रही महिला के ऊपर बकेट गिरने से मौके पर ही मौत होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक हथखोज भिलाई 3 स्थित मयूरा रेल पार्क फैक्ट्री में सोमवार की दोपहर सुरेखा चौधरी नामक महिला काम कर रही थी। अचानक उसके सिर पर लोहे का बकेट गिर गया जिससे महिला की मौत हो गई।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

### अनापत्ति प्रमाण पत्र देने में आनाकानी करने का आरोप

# कूडो खिलाड़ियों ने की खेल प्रभारी बदलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में खेलों को बढ़ावा देने के लिए अनेक गतिविधियों के साथ ही खेल सामग्रियों का वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण भी दिलाया जा रहा है, लेकिन कुछ खिलाड़ियों को यह सुविधा नहीं मिल पा रही है। यह आरोप लगाते हुए उन्होंने खेल प्रभारी को हटाकर अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक को खेल प्रभारी बनाने की मांग कर ज्ञापन सौंपा है।



कूडो खिलाड़ियों से मिली जानकारी के अनुसार बीते 56 दिनों में लगभग 7 बार खेल प्रभारी अधिकारी से मुलाकात करने आए, लेकिन कूडो जिला संघ के रजिस्ट्रेशन के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र देने के बदले वरिष्ठालय को पत्र लिख दिया है, वहां से कुछ आया नहीं है, का हवाला देते रहे। खिलाड़ियों ने आरोप लगाया कि कई बार तो वे अपने चेंबर से गायब रहीं। फिर हमें चार बार कलेक्टर और तीन बार अपर कलेक्टर से मुलाकात करनी पड़ी। खिलाड़ियों ने कूडो जिला संघ के रजिस्ट्रेशन के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र की मांग की। उसके बावजूद खेल प्रभारी द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दिया गया। खिलाड़ियों ने आरोप लगाया कि खेल अधिकारी हमारे बेहतर भविष्य में रोड़ा बने हुए हैं, जो कई बार निवेदन करने के बाद भी कूडो जिला संघ के रजिस्ट्रेशन के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं कर पाईं। कूडो एसोशिएशन बालोद ने मांग की है कि प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी को हटाकर ऐसे जिम्मेदार पदों पर वरिष्ठ एवं अनुभवी अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक, अपर कलेक्टर को प्रभार सौंपने का कष्ट करें, ताकि जिले के बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए कार्य कर सकें।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024
14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024, 27 अप्रैल से 11 मई 2025
02 मई से 16 मई 2025
राशिः-स्लीपर -17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411